INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VIII	Department: Hindi (2nd Lang)	Date: 06.11.23
STUDY MATERIAL-5 (NOVEMBER)	Topic: पर्यायवाची, विलोम & वाक्य शुद्धि	Note: Pls. write in your Hindi note book

प्र-निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए -

1- अहंकार = घमंड, अभिमान

2-इच्छा = चाह, कामना

3- गहना = आभूषण, ज़ेवर

4- पथिक = राही, यात्री

5- पवित्र = पावन, शुचि

6- राक्षस = दानव, असुर

7- रावण = दशानन, लंकेश

8- सवेरा = सुबह, प्रात:

9-साँप = सर्प, नाग

10- बाल = केश, अलक

प्र- विलोम शब्द लिखिए -

1.प्राचीन x नवीन

2.अल्पायु x दीर्घायु

3.दृश्य x अदृश्य

4.निरक्षर x साक्षर

5.महात्मा x दुरात्मा

6.पक्ष x विपक्ष

7.उन्नति x अवनति

8.सुलभ x दुर्लभ

9.आदर x अनादर

10.उचित x अनुचित

प्र- वाक्य शुद्ध कीजिए -

(पुनरुक्ति दोष)

1. कश्मीर में कई दर्शनीय स्थल देखने योग्य हैं ।

उत्तर- कश्मीर में कई दर्शनीय स्थल हैं / कश्मीर में कई स्थल देखने योग्य हैं ।

2.- वह गुनगुने गरम पानी से स्नान करता है ।

उत्तर- वह गुनगुने पानी से स्नान करता है / वह गरम पानी से स्नान करता है ।

3.-छात्र स्कूल से वापस लौट आया ।

उत्तर- छात्र स्कूल से वापस आया / छात्र स्कूल से लौट आया ।

4.- कृपया हमारे घर आने की कृपा कीजिए ।

उत्तर- कृपया हमारे घर आइए / हमारे घर आने की कृपा कीजिए ।

5. -मुझे केवल पाँच रुपये मात्र दो ।

उत्तर- मुझे केवल पाँच रुपये दो / मुझे पाँच रुपये मात्र दो ।

==